हरेली पर दीदियों ने किया ड्रोन समेत आधुनिक कृषि यंत्रों का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छग के पावन पर्व हरेली पर इस बार बालोद जिले में लोक–संस्कृति और आधुनिक तकनीक का खूबसूरत और अनूठा नजारा देखने को मिला।

सावन अमावस्या के अवसर पर जहां एक ओर किसानों ने अपने पारंपरिक कृषि औजारों हल, नांगर, कुदाली और फावड़े की पूजा कर अच्छी फसल की कामना की, वहीं जिले की ड्रोन दीदियों ने आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन का धूप–दीप से पूजन कर उस पर पारंपरिक गुड़–चीला और नारियल चढ़ाकर हरेली तिहार को एक नया आयाम दिया। शासन की ड्रोन दीदी योजना के तहत प्रशिक्षित जिले की तीन ड्रोन दीदियों भुनेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू और रूचि साहू ने पारंपरिक त्यौहार को आधुनिकता से जोड़कर कृषि क्षेत्र में आ रहे बदलाव को नई पहचान दी है। ड्रोन दीदी भुनेश्वरी साहू ने कहा कि छग संस्कृति हमें कृषि यंत्रें का सम्मान करना सिखाती है। आज के दौर में ड्रोन भी किसानों का एक आधुनिक साथी और यंत्र बन चुका है, जो फसलों में नैनो उर्वरक और दवाइयों का छिड़काव मिनटों में कर देता है। चित्ररेखा साहू ने बताया कि ड्रोन तकनीक ने खेती को आसान बना दिया है। इस हरेली पर उन्होंने जिले के अधिक से अधिक किसानों को इस आधुनिक तकनीक से जोड़ने का संकल्प लिया है।

लोक संस्कृति और आधुनिक तकनीक का दिखा अनूठा संगम

भरदाकला में हरेली पर गेड़ी चढ़ने की परंपरा ने बांधा समां

बालोद/निकुम। छग के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर गांवों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। हरेली के मौके पर पारंपरिक खेलों और ग्रामीण संस्कृति की झलक लोगों को आकर्षित कर रही है। इसी कड़ी में गेड़ी चढ़ने की परंपरा ने भी लोगों का ध्यान खींचा। हरेली छग के प्रमुख कृषि एवं लोकपर्वो में से एक है। इस अवसर पर कृषि उपकरणों की पूजा के साथ पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाता है। गेड़ी चढ़ना हरेली की खास पहचान माना जाता है और बच्चे व बड़े उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लेते हैं। वही ग्राम पंचायत भरदाकला सरपंच क्रांति भूषण साहू ने पारंपरिक गेड़ी पर सवार होकर इस लोकपरंपरा का आनंद लेते नजर आ रहे हैं, जबकि आस पास मौजूद बच्चे भी उत्साहपूर्वक इस आयोजन को देखे।

खबर संक्षेप

आज गूंजेगा वंदे मातरम सामूहिक गायन

बालोद। जिले के सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालयों में आज सुबह 11 बजे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा। जिला प्रशासन बालोद ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के प्रमुखों को इस आयोजन को पूरी तन्मयता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

आज निकलेगी तिरंगा यात्रा घर-घर तिरंगा अभियान का दिया जाएगा संदेश

डौंडीलोहारा। राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा मंडल डौंडीलोहारा द्वारा 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा अभियान का आयोजन किया जाएगा। 'घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा' के संदेश के साथ निकाली जाने वाली इस यात्रा के माध्यम से आमजन में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय भावना जागृत करने का प्रयास किया जाएगा। तिरंगा यात्रा दोपहर 2 बजे लाल रघुवीर मैदान डौंडीलोहारा से प्रारंभ होगी। यात्रा विवेकानंद चौक, काली माई मंदिर, अंबेडकर चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक होते हुए बस स्टैंड डौंडीलोहारा पहुंचेगी। भाजपा मंडल ने यात्रा में मंडल क्षेत्र में निवासरत सभी पदाधिकारियों, वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। तिरंगा यात्रा के सफल संचालन के लिए डौंडीलोहारा सेक्टर प्रभारी प्रीतम साहू के साथ धर्मेंद्र निषाद, दिलीप बाफना, जसराज शर्मा, संदीप भंसाली, धीरेन्द्र टांक एवं धीरज जैन को जिम्मेदारी दी गई है। यात्रा के संयोजक संदीप जैन हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा तथा महामंत्री सुमेंद्र देशमुख एवं दुष्यंत गिरी गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं से आयोजन में सहभागिता की अपील की है। भाजपा मंडल के अनुसार तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक राष्ट्र भावना का संदेश पहुंचाना और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

बंग संस्कृति के इतिहास और साहित्य पर गगन चंद्र पंड्या की पुस्तक का विमोचन

दल्लीराजहरा। स्थानीय बंग समाज भवन के सभागार में मंगलवार को साहित्य, संस्कृति और इतिहास का अनूठा संगम देखने को मिला। वरिष्ठ समाजसेवी एवं लेखक गगन चंद्र पंड्या की द्वितीय पुस्तक "बंग संस्कृति के प्रादुर्भाव एवं क्रमिक विकास संकलित" का गरिमामय समारोह में विमोचन किया गया। पुस्तक के माध्यम से बंगाल की समृद्ध संस्कृति, साहित्य, इतिहास और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले महापुरुषों के जीवन एवं कार्यों को हिंदी पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजहरा लौह अयस्क समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिरोमणि माथुर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर रेखा गहरवार, जय प्रकाश, विपिन कुमार, सुकान्तो मंडल, डी.ए.वी. इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. जी.वी. राजशेखर राव, डॉ. शैवाल जाना, पुरोबी वर्मा, राजेन्द्र बेहरा, कनक बनर्जी, मदन मायती और गौतम बेरा सहित साहित्य एवं समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

घटना : चरमराई यातायात व्यवस्था ने खोली प्रशासनिक दावों की पोल

सड़क सुरक्षा पर बैठकें बेअसर, दल्ली राजहरा में तीन मौतों से उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की लगातार बैठकों और निर्देशों के बावजूद दल्ली राजहरा में यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। क्षेत्र में हाल ही में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत ने शहरवासियों को झकझोर दिया है। हादसों के बाद अब प्रशासन की कार्यप्रणाली और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

शहर के प्रमुख मार्गों पर सड़क के दोनों ओर बेतरतीब वाहन खड़े रहते हैं। कई स्थानों पर नो-पार्किंग के बावजूद वाहन खड़े किए जा रहे हैं। व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सामान भी सड़क तक फैला रहता है, जिससे पहले से संकरी सड़कें और अधिक संकरी हो जाती हैं। इससे वाहन चालकों के साथ राहगीरों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

सीएसपी विकास पाटले ने कहा, "नियमित कार्रवाई की जा रही है मोटर व्हीकल की कार्रवाई चल रही है शराब सेवन करने वालों के खिलाफ में कार्रवाई चल रहा है आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी अवैध कब्जा करने वालों पर भी कार्रवाई होगी।" थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने कहा, "सड़क सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं नियमित थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई चल रही है व्यापारियों से भी अपील हैं कि वह सामान को सड़क तक ना निकले उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा, "नगर पालिका के द्वारा नियमित सड़क सुरक्षा को लेकर कार्रवाई की जा रही है और आगे भी करते रहेंगे।" नो-पार्किंग जोन में वाहनों पर तत्काल कार्रवाई, सड़क तक किए गए अतिक्रमण को हटाना, बेतरतीब पार्किंग पर रोक और दुर्घटना संभावित स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है। सड़क सुरक्षा को लेकर होने वाली बैठकों का असर यदि जमीन पर दिखाई नहीं देता, तो हादसों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा।

अतिक्रमण पर कार्रवाई सिर्फ कागजों में?

शहर में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। कभी-कभार अभियान चलाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि सड़क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रभावी और निरंतर कार्रवाई कब होगी।एसडीएम सुरेश साहू ने कहा, "दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन स्थानीय शासन प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ में कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लगातार कार्रवाई जारी है, नो पार्किंग स्थल पर खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई होगी।"

तेज रफ्तार इको ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, अस्पताल पहुंचते ही मौत

दल्ली राजहरा। शहर के व्यस्ततम मुख्य बाजार में सोमवार शाम तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। बस स्टैंड की ओर से बाजार की तरफ आ रही मारुति ईको क्रमांक **CG** 24 **S** 3395 कथित तौर पर गलत साइड में पहुंच गई और महावीर जनरल स्टोर्स के सामने सड़क किनारे खड़े 66 वर्षीय विश्राम साहू को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विश्राम साहू करीब 15 फीट तक घसीटते चले गए। हादसे के बाद भी ईको चालक ने वाहन नहीं रोका और आगे रामदेव गल्ला भंडार के पास खड़ी कार क्रमांक **CG** 07 **CK** 4290 को भी टक्कर मार दी। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। आसपास मौजूद व्यापारियों और लोगों ने तत्काल 112 को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल विश्राम साहू को शासकीय अस्पताल चिखलाकसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक विश्राम साहू की उम्र 66 वर्ष थी। वे सुभाष चौक, दल्ली राजहरा निवासी थे। मूल रूप से वे बालोद जिले के ग्राम आरोद लाटाबोड़ के रहने वाले थे। बताया गया है कि वे पूर्व में भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही दल्ली राजहरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मारुति ईको को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद शहर की यातायात व्यवस्था और मुख्य बाजार में तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

शिक्षा में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने गुरूर के प्राचार्यों और शिक्षकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक एवं विद्यार्थियों का अधिकार भी है। इसलिए शिक्षा जैसे अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगा। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में गुरूर विकासखण्ड के प्राचार्यो एवं शिक्षकों की बैठक लेकर हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्यो को विद्यार्थियों को गुणवक्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने एवं उतकृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु कार्य योजना बनाकर अध्ययन–अध्यापन का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्राचार्यो और शिक्षकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम खराब या संतोषप्रद नही होने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित प्राचार्यो एवं शिक्षकों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूलवार जून एवं जुलाई माह में विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति 80 प्रतिशत से कम नही होना चाहिए। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति 80 प्रतिशत से कम होने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। कलेक्टर ने विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं परीक्षा परिणाम में सुधार लाने हेतु पालकों के साथ नियमित रूप से बैठक आयोजित कर उन्हें समझाईश देने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन विद्यालयों में विषय शिक्षक उपलब्ध नही है वैकल्पिक व्यवस्था के रूप संगवारी गुरूजी की नियुक्ति की जाएगी। मिश्रा ने कहा कि इसके अंतर्गत डीएमएफ प्रभावित क्षेत्रें में डीएमएफ के माध्यम से संबंधित शालाओं में संगवारी गुरूजी की शीघ्र नियुक्ति की जाएगी।

समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- संगठन विस्तार के साथ किसानों की विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा

भारतीय किसान संघ जिला बालोद मासिक बैठक गंगा मैया प्रांगण झलमला में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया और सभी तहसीलों के प्रभारी नियुक्त किए गए और सभी तहसीलों के प्रभारियों के द्वारा तहसीलों में जाकर किसान संघ का गठन करने कि बात कही गई है। बैठक में प्रस्ताव किया गया कि सभी बांधों से किसानों के खेत के लिए पानी छोड़ा जाए, गन्ना उत्पादक किसानों को बीज रिकवरी एवं अंतर की राशि को शीघ्र दिया जाए, खाद कि कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए, बिजली के कटौती से किसान परेशान है अति शीघ्र बिजली कटौती बंद किया जाए, घुमंतू पशुओं से किसानों को एवं सड़क पर चलने वाले राहगीरों को बहुत ज्यादा परेशानियाँ हो रही है, इसका उचित व्यवस्था किया जाए एवं गौधाम को तत्काल चालू किया जाए, इन विषयों पर चर्चा कर उच्च अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करने की बात कही गयी। बैठक में भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार मंत्री चाणक्य यादव, बिज प्रमुख कुबेर दास मानिकपुरी, सहकारिता प्रमुख बुधारु राम साहू, विपणन प्रमुख मनोहर लाल सिंन्हा, राजस्व प्रमुख व पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष बल्दु राम साहू, कार्यकारणी सदस्य यशवंत देशमुख, पुष्पेन्द्र नेताम, बालोद तहसील मंत्री लक्ष्मी चंद धनकर, गुरुर तहसील संयोजक जीवन लाल साहू, चंद्रहास साहू, भानुप्रताप साहू, आशाराम, शत्रुघन सिंह गोरे, बेदराम, रुखमजनाथ एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

साइबर ठगी से बचाव के लिए पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 197 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की दी जानकारी

साइबर जागरूकता अभियान के तहत सी–मार्ट, बालोद में 197 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम जगन्नाथपुर हाई स्कूल में स्कूली छात्र–छात्रओं को साइबर अपराध, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार एवं यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

जिसमे महतारी वंदन योजना के नाम पर होने वाले फ्रॉड कॉल सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव एवं बच्चों के मोबाइल, सोशल मीडिया उपयोग को लेकर उचित निगरानी एवं मार्गदर्शन की जानकारी दी गई। बालोद पुलिस द्वारा जिलेभर में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार साइबर जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय संस्थानों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को साइबर ठगी के नए तरीकों, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसीक्रम में थाना बालोद पुलिस द्वारा ग्राम जगन्नाथपुर हाई स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार एवं सोशल मीडिया के सावधानीपूर्वक उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही यातायात सुरक्षा अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने संबंधी नियमों एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया।

मिशन नवचेतना के तहत नशे पर पुलिस का शिकंजा, आबकारी एक्ट के छह मामलों में हुई कार्रवाई

नशे और यातायात नियमों के उल्लंघन पर 93 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में नशे के विरुद्ध मिशन नवचेतना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रें में आबकारी अधिनियम के 06 प्रकरणों में 06 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

इनमें थाना गुरुर, लोहारा, गुण्डरदेही, हल्दी एवं राजहरा क्षेत्रें में सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 (च) (1) के तहत कार्रवाई की गई। वहीं थाना गुण्डरदेही क्षेत्र में अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। यातायात सुरक्षा अभियान के तहत मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कुल 93 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई करते हुए 24,400 समन शुल्क वसूला गया। इसके अतिरिक्त 29 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। कार्रवाई में बिना हेलमेट, बिना वैध दस्तावेज सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

बालोद पुलिस आम नागरिकों से अपील की है कि नशे से दूर रहें, सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन न करें तथा अवैध शराब के कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

यातायात नियम तोड़ने वालों पर राजहरा पुलिस की सख्ती

बालोद। यातायात व्यवस्था, सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु एसडीएम राजहरा, व्यापारी संघ, परिवहन संघ, पत्रकार संघ, नगर पालिका के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

शहर एवं थाना क्षेत्र मे हो रही यातायात नियमों की उलंघन, सडक दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा विकास पाटले, थाना प्रभारी राजहरा सुनील तिर्की द्वारा एसडीएम राजहरा सुरेश कुमार साहू, व्यापारी संघ, परिवहन संघ, पत्रकार संघ, नगर पालिका के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें समस्त संघ के पदाधिकारियों के साथ मिलकर निम्न चर्चाएं हुई। जिसमे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने से रोकना, नो पार्किंग मे वाहन खडी न करना, निर्धारित गति म वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करना, शराब या नशा करके गाडी न चलाना, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के संबंध मे जानकारी दी गई। यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही की जावेगी साथ ही मवेशी को खुले स्थान मे छोडने से यदि मवेशी मे टकराने से एक्सीडेंट होती है तो मवेशी के मालिकों के विरूध्द भी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। सघन चेकिंग कर यातायात नियमों का उलंघन करने पर कार्यवाही की गई है जिसमें नेशनल हाईवे मे सफेद पट्टी के अंदर खतरनाक ढंग से वाहन खडी करने पर 03 ट्रक चालकों के विरूध्द धारा 285 बीएनएस के एफआईआर दर्ज किया गया साथ ही ट्रकों को भी जप्त किया गया है। 05 नाबालिक वाहन चालको के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। बुलेट मे मोडिफाईड सलेंसर लगाकर तेज आवाज मे बुलेट चलाने पर 01 चालक के विरूध्द प्रकरण मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले एक चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। नो पार्किंग मे वाहन खडी वाले 03 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

ग्राम पंचायत लिमोरा, वि.खं. गुण्डरदेही की ओर से क्षेत्रवासियों को

15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती तिलेश्वरी बघेल
सरपंच ग्राम पंचायत, लिमोरा

श्री योगेंद्र कुमार चंद्राकर
उपसरपंच ग्राम पंचायत, लिमोरा

श्री देवेंद्र कुमार देवांगन
सचिव ग्राम पंचायत, लिमोरा

पंचगण

श्री विनोद चंद्राकर, श्रीमती बेबी यादव, श्रीमती त्रिवेनी निषाद, श्रीमती माहेश्वरी साहू, श्रीमती प्रीती साहू, श्रीमती किरण मंडावी, श्री अमर सिंह साहू, श्रीमती राधाबाई साहू, कुमारी रंभा गायकवाड़, श्री लालचंद साहू, श्रीमती किलेश्वरी साहू, श्रीमती टेकेश्वरी साहू, रोजगार सहायक- श्रीमती हेमलता साहू, कम्प्यूटर आपरेटर- श्री सुरेन्द्र साहू, भृत्य- रुपचंद साहू

विनीत - ग्राम पंचायत लिमोरा-मड़ियापार, वि.खं. गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत भाठागांव (आर) वि.खं. गुण्डरदेही की ओर से क्षेत्रवासियों को

15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

15th of August Independence Day

श्री रुपेश्वर यादव
सरपंच ग्राम पंचायत, भाठागांव (आर)

नीता बंजारे
उपसरपंच ग्राम पंचायत, भाठागांव (आर)

श्री कामता प्रसाद साहू
सचिव ग्राम पंचायत, भाठागांव (आर)

- पंचगण-

श्रीमती मंजू ठाकुर, श्रीमती भामिनी साहू, श्री यशवंत मेश्राम, श्रीमती कविता साहू, श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर, श्री बसंत नेताम, श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन, श्रीमती नागेश्वरी साहू, श्रीमती टीकेश्वरी साहू, श्री चित्रकांत कतलम, श्रीमती नीता बंजारे, श्रीमती खेदिया यादव, श्रीमती राधा रात्रे, श्रीमती देवला ध्रुव, रोजगार सहायक- गुरुदयाल सिंह ठाकर, चपरासी- जगनूराम साहू, नल आपरेटर- रोहित भारद्वाज, विद्युत मेन- सुरेश साहू

विनीत - ग्राम पंचायत भाठागांव (आर) वि.खं. गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत सनौद, वि.खं. गुण्डरदेही की ओर से क्षेत्रवासियों को

15 AUGUST INDEPENDENCE DAY

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्री पिलेश्वर
सरपंच ग्राम पंचायत, सनौद

श्री युधियार देशलहरे
उपसरपंच ग्राम पंचायत, सनौद

श्री शशि ठाकुर
सचिव ग्राम पंचायत, सनौद

- पंचगण-

श्रीमती हुनसी पटेल, श्रीमती टामिन मंडावी, श्री तोरन पटेल, श्रीमती कस्तुरी पटेल, श्रीमती कामनी चौधरी, श्री तजेन्द्र साहू, श्रीमती वीणा पटेल, श्रीमती सोनारिन बंजारे, श्रीमती मुखीया बंजारे, श्री जीवन कोसरे, श्री नरोतम बारले

विनीत- ग्राम पंचायत, सनौद-नवागांव, वि.खं. गुण्डरदेही

समस्त देशवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कुंभकार परिवार रेंगाकठेरा (गुण्डरदेही)

की ओर से जिलेवासियों को

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देशवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिव प्रिंटर्स, स्टेशनर्स एंड बुक डिपो

मेन रोड, गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

की ओर से स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रो. केवल साहू
गुण्डरदेही

INDIA REPUBLIC DAY

समस्त देशवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

के.एस. कुल्हारे
प्राचार्य

जो भरा नहीं है भावों से
बहती जिसमें रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं

संजय शुक्ला
कार्यक्रम अधिकारी
रासेयो

समस्त विद्यालय परिवार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुण्डरदेही

तहसील अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही

की ओर से समस्त जिले एवं क्षेत्रवासियों को

15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं...एवं बधाईयाँ....

मोहम्मद रियाज खान
संरक्षक, अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही

विनय बंजारे
अध्यक्ष , अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही

राजेश सोनी
संरक्षक, अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही

पदाधिकारीगण

देवचरण यादव — उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ
टाकेश्वरी साहू — महिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ
महेंद्र यादव — सहसचिव अधिवक्ता संघ
कुलेश्वर साहू — कोषाध्यक्ष अधिवक्ता संघ
देवेंद्र चंद्राकर — ग्रंथालय सचिव अधिवक्ता संघ

कार्यकारिणी

टुमन लाल साहू, हरि शंकर सिन्हा, सुनंदा बंजारे, पेमन साहू, प्रवीण साहू

सदस्यगण

दिलीप तिवारी, लक्ष्मण नायक, टीकम साहू, सुभाष पुसतकर, सुलेखा सोनी, रोहित टंडन, नोमेश्वर सिन्हा, रहमान मिर्जा बेग, डोमार साहू, भेस लाल साहू, सरोज बंजारे, डिलेश्वर कुंभकार, बिरेन्द्र देशमुख, छगन लाल यादव, अजय गायकवाड़, गुमान साहू

छवि लाल बंजारे, गिरीश चंद्राकर, निश्चल तारम, तेजेन्द्र साहू, हितेश साहू, रविकांत सोनकर, समृद्धि टंडन, गौरी मारकण्डे, परमेश्वरी मंडावी, गिरीश साहू, चन्द्रभान निषाद, सौरभ साहू, मनीष शर्मा, सलमा रिजवी, तारेन्द्र साहू, रवि तिवारी

विनीत- अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही, जिला-बालोद छत्तीसगढ़

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113 भानु साहू, गुण्डरदेही मो. 8120277141

समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पुराना नाम
मनरेगा
(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना)
नया नाम
VB-G RAM G
(विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण)
VB-G RAM G
विकसित भारत - G RAM G
125 दिन का पक्का रोजगार
समय पर भुगतान का अधिकार
बुवाई और कटाई के चरम मौसम के दौरान कृषि श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कुल 60 दिनों की व्यवस्था
हर श्रमिक को मिलेगा सम्मान और अधिकार
विनीत
विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)

समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को
ग्राम पंचायत, कलंगपुर की तरफ से
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
श्रीमती पुष्पा गोविंद सिन्हा
सरपंच
श्रीमती भुनेश्वरी कुलहारे
उपसरपंच
श्री अमृत डहरे
सचिव
पंचगण :- जोहनलाल साहू, खेमिनबाई ठाकुर, योगेश्वर प्रसाद मंडावी, लंलीता पारधी, राजेंद्र कुमार जैन, गंगाबाई साहू, दुष्यंत कुमार साहू, शशि साहू, लीलाधर सिन्हा, प्रीति बाई साहू, अमृता सिन्हा, कीर्ति साहू, नेमबाई साहू, द्वारिका प्रसाद सिन्हा, सुशीला बाई, मंजू महतो, बिसन बाई मारकण्डे, राजकुमार मारकण्डे, रोजगार सहायक- युगल किशोर साहू, चपरासी- पुराणिक निषाद
विनीत - समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत कलंगपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
15th of August
Independence Day
विनीत -एक शुभचिंतक

समस्त क्षेत्रवासियों और प्रदेशवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सौजन्य
एक शुभचिंतक

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनीष कुमार गांधी
भाजपा मण्डल महामंत्री
करहीभदर मण्डल

खबर संक्षेप

हरेली पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने 36वीं बार किया रक्तदान

गुरूर। छग के प्रथम तिहार हरेली पर्व के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मिर्रीटोला पुरूर के अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय ने जरूरतमंदों के लिए 36 वीं बार रक्तदान किया। टुकेशवर पाण्डेय ने कहा कि रक्तदान से शरीर को किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती, बल्कि रक्तदान के बाद शरीर पहले से अधिक स्वस्थ एवं अच्छा महसूस करता है। उन्होंने युवा साथियों सहित आम नागरिकों से जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा हेतु बढ़ चढ़कर रक्तदान करने की अपील की।

नेपाल यात्री ग्रुप ने मरीजों और जरूरतमंदों को बांटा पोषण आहार

बालोद। नेपाल यात्री गुप बालोद के सदस्यों द्वारा जिला चिकित्सालय में मरीजो, गर्भवती माताओ एवं शिशु वार्ड तथा वृद्ध आश्रम बालोद व सिवनी के साथ घरौंदा में मानसिक विकलांग बच्चों को पोषण आहार वितरित किया गया। जिसमें कमलेश वैष्णव, ललित हरदेल, पीएल देशमुख, मालवीय देशमुख, आरआर ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, सूरजभान आर्य, बीआर बेलसर, आरके वर्मा, निर्मल श्रीवास्तव, अनीता देशमुख, उर्मिला यादव एवं ग्रुप के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

नि:शुल्क कोचिंग से पांच बच्चों का एकलव्य और प्रयास विद्यालय में चयन

कुसुमकसा। शहीद गैंद सिंह नायक भवन कुसुमकसा में हल्बा-हल्बी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग सेंटर से इस वर्ष पांच बच्चों का चयन एकलव्य एवं प्रयास विद्यालयों के लिए हुआ है। इससे कोचिंग सेंटर से जुड़े विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह है। एकलव्य विद्यालय डौंडी के लिए मानस ठाकुर पिता ढाल सिंह ठाकुर, देवव्रत गोरे पिता लोकेश गोरे, रंजीत सोरी पिता तिहारू राम सोरी एवं मीनाक्षी गोरे पिता रूपलाल गोरे का चयन सुरही (कांकेर) स्थित एकलव्य विद्यालय के लिए हुआ है। वहीं रेणु रावटे पिता बुधवारू रावटे का चयन राजनांदगांव प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। बच्चों के चयन पर अखिल भारतीय हल्बा समाज ब्लॉक कुसुमकसा के अध्यक्ष छत्तर

पर्व : हरेली महोत्सव पर कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना के साथ बच्चों ने गेड़ी का लिया आनंद

बोली, भाखा और संस्कृति हमारी पहचान, इसे भूलना नहीं चाहिए : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

ग्राम डुन्डेरा में हरेली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने हरेली को छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति, खेती और ग्रामीण जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व बताया। भूपेश बघेल ने कहा कि रोपा-बियासी के बाद हरेली तिहार में कृषि यंत्रों की पूजा करने और घरों में नीम की टहनियां लगाने की परंपरा है।

> ■ हमारी परंपरा प्रकृति व खेती से है जुड़ा है - भूपेश

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया पहचान को नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि यही हमारी अस्मिता है। बोली, भाखा और संस्कृति ही हमारी पहचान हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की बोली और भाषा को बदलने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे प्रदेश की पहचान प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से फुगड़ी, गेड़ी दौड़ सहित विभिन्न पारंपरिक खेलों और संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। भूपेश बघेल ने सरकार की विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने महतारी वंदन योजना, बिजली बिल, बिजली कटौती, आत्मानंद स्कूलों में फीस, स्वास्थ्य सुविधाओं, गैस सिलेंडर की कीमत, डीएपी की उपलब्धता और किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने जंतर-मंतर पर बच्चों पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर भी सवाल खड़े किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की।

उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने का लगातार कार्य किया, जिसके कारण प्रदेशवासियों के बीच उनकी अलग पहचान बनी है।

कार्यक्रम को महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर एवं रामेश्वरी दिवाकर गायकवाड़ ने भी संबोधित किया। विशेष अतिथि सभापति केशव बंछोर, राजकुमार देशमुख, जगदीश दीपक, योगिता चंद्राकर, झमित गायकवाड़, अश्वनी साहू सहित अन्य मौजूद रहे। हरेली महोत्सव में छत्तीसगढ़ी लोक गायक खुमान सिंह यादव एवं ग्राम के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अतिथियों ने ग्राम की प्रतिभाओं एवं गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया। स्वागत उद्बोधन पवन बंजारे तथा आभार प्रदर्शन रोहित धनकर ने किया।

इस अवसर पर अशोक साहू, रोमशंकर यादव, चेतन साहू, संजय साहू, उमाशंकर साहू, गौकरण साहू, उत्तरा साहू, धनेश्वर साहू, विजय साहू, गायत्री यादव, हिरौंदी साहू, धनेश्वरी देवांगन, मोहन यादव, बीआर मौर्य, डीकेन्द्र हिरवानी, प्रहलाद वर्मा, दिवाकर गायकवाड़, अरुण वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरेली पर जन मुक्ति मोर्चा ने किया पौधारोपण

डौण्डीलोहारा। छत्तीसगढ़ के प्रथम लोकपर्व हरेली के अवसर पर बुधवार को जन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ग्राम रेंगाडबरी स्थित तालाब के मेड़ पर पौधारोपण किया। इस दौरान छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि पौधारोपण का उद्देश्य तालाब क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ मिट्टी के कटाव को रोकना और पर्यावरण को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम में जन मुक्ति मोर्चा की अध्यक्ष अनीता बाई चुरेंद्र, कोषाध्यक्ष अश्वनी बाई, सचिव ललिता बाई भुआर्य, उपाध्यक्ष पिलेश बाई फलेन्द्र सहित गिरजा बाई, तीरथ बाई, कुमेश बाई, बसंतीन बाई, सूरजदास मानिकपुरी, चितरेखा रावटे एवं संतोषी बाई पडौती सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण शामिल हुए। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि हरेली पर्व खेती-किसानी के साथ प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी देता है। तालाब के मेड़ पर पौधारोपण से हरियाली बढ़ने के साथ जल संरक्षण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गांव के युवा एवं बच्चे भी उत्साह के साथ शामिल हुए। जन मुक्ति मोर्चा ने बताया कि हरेली पर्व से शुरू हुआ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा गांव में समय-समय पर पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

दल्लीराजहरा में परंपरा और आस्था के रंग में रंगा हरेली

दल्लीराजहरा। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, कृषि परंपरा और प्रकृति के प्रति आस्था का पर्व हरेली बुधवार को दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-आंगन की साफ-सफाई कर लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। हरेली पर्व पर किसान परिवारों ने हल, कुदाल, फावड़ा, हंसिया सहित कृषि कार्य में उपयोग होने वाले औजारों की साफ-सफाई कर विधिवत पूजा की। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को नहलाकर और सजाकर उनकी पूजा करने की परंपरा भी निभाई गई। परिवारों ने अच्छी बारिश, बेहतर फसल और सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह रहा। महिलाओं ने घर के देवी-देवताओं की पूजा कर परिवार की सुख-शांति की कामना की तथा पारंपरिक पकवान तैयार किए। घरों के मुख्य द्वार पर नीम की टहनियां लगाने की परंपरा भी निभाई गई। हरेली के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में नारियल फेंक, कबड्डी, गिल्ली-डंडा और अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन भी किया गया। बच्चों और युवाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि हरेली केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि खेती, प्रकृति, पशुधन और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। ऐसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी लोकपरंपरा और मिट्टी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दल्लीराजहरा क्षेत्र में पूरे दिन हरेली की हरियाली और लोक आस्था से जुड़ा उत्सव देखने को मिला। आधुनिकता के दौर में भी लोगों ने परंपराओं को

चिंगरी में हरेली तिहार की धूम, बच्चों ने गेड़ी चढ़कर लिया जमकर आनंद

अण्डा। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं प्रमुख पर्व हरेली तिहार के अवसर पर ग्राम चिंगरी में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। गांव में लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हरेली तिहार मनाया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह नजर आया और उन्होंने पारंपरिक गेड़ी पर चढ़कर जमकर आनंद लिया। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और ग्रामीण परंपराओं से जुड़ा पर्व है। इस दिन कृषि उपकरणों की पूजा करने के साथ-साथ घरों और पशुधन की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। वहीं गांवों में गेड़ी चढ़ना हरेली पर्व का प्रमुख आकर्षण माना जाता है। ग्राम चिंगरी में भी बच्चों ने गेड़ी पर चढ़कर अपनी कला और संतुलन का प्रदर्शन किया। कोई बच्चा पहली बार गेड़ी चलाने का प्रयास करता नजर आया तो कोई काफी आत्मविश्वास के साथ गेड़ी पर घूमता रहा। बच्चों की मस्ती और उत्साह ने पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और इस पारंपरिक खेल का आनंद लिया। ग्रामीणों का कहना है कि आधुनिक दौर में पारंपरिक खेल और लोक संस्कृति धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही है। ऐसे में हरेली जैसे त्योहार नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का काम करते हैं। गेड़ी चढ़ने जैसी पारंपरिक गतिविधियां बच्चों को मनोरंजन के साथ अपनी ग्रामीण संस्कृति को समझने और उसे आगे बढ़ाने का अवसर देती हैं। हरेली के मौके पर ग्राम चिंगरी में बच्चों की गेड़ी की मस्ती ने त्योहार की खुशी को और बढ़ा दिया। ग्रामीणों ने आने वाली पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की परंपराओं से जोड़े रखने और ऐसे पारंपरिक आयोजनों को आगे भी उत्साह के साथ

अरजपुरी स्कूल में धूमधाम से मनाया हरेली पर्व

डौंडीलोहारा। शासकीय प्राथमिक शाला अरजपुरी के प्रांगण में छत्तीसगढ़ के प्रथम लोकपर्व हरेली के अवसर पर हरेली महोत्सव का आयोजन उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपराओं से सराबोर नजर आया।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने गेंड़ी नृत्य, फुगड़ी, पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य एवं जम डांस की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित पालकों एवं ग्रामीणों का मन मोह लिया। हरेली पर्व के माध्यम से बच्चों को छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति, हरियाली और प्रकृति पूजन की परंपराओं से भी परिचित कराया गया। विद्यालय के शिक्षक स्टाफ ने सहभागी बच्चों को चॉकलेट एवं मिठाइयां वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक कृष्ण प्रसाद तिवारी, शिक्षक टीकम सिंह गोरे, खिलावन सिंह माहला, जीवन लाल साहू, बीना दास, उमादेवी राणा, नीलमणि ठाकुर, सेवक दास साहू, मंजुला गावरे, केशु राम सहारे, पवन कुमार साहू एवं सरपंच संतोषी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

48 पौधों से हरियाली का संकल्प, चैंबर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दल्लीराजहरा। पर्यावरण संरक्षण और शहर को हराभरा बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, इकाई दल्ली राजहरा ने वन विभाग के सहयोग से सराहनीय पहल की। बुधवार, 12 अगस्त को स्थानीय रेलवे स्टेशन स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के 48 उपयोगी एवं छायादार पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण के दौरान आंवला, गुलमोहर, नीम, आम, बेल और जामुन सहित अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। चैंबर पदाधिकारियों और सदस्यों ने केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहते हुए उनके संरक्षण, नियमित देखभाल और संवर्धन का संकल्प लिया। चैंबर अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वस्थ और बेहतर भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना महज हरियाली बढ़ाना नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, बेहतर पर्यावरण और सुरक्षित जीवन की नींव तैयार करना है। चैंबर की इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक सहभागिता और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में वन विभाग परिक्षेत्र के अधिकारी संतोष ठाकुर, वनपाल युगल सोनबोईर, राजहरा सीएसपी विकास पाटले, नगर निरीक्षक सुनील तिर्की, नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे, महामंत्री भूपेंद्र डहरवाल, कन्हैया लाल कुकरेजा, झूमरलाल छाजेड़, शिखरचंद जैन, शंकर कुकरेजा, संजय बेस, रमेश मित्तल, पंकज छाजेड़, कुशल कथूरिया, नवदीप गुप्ता, राजेश पटेल, राजू सोनी, संजय छाजेड़, अमित जायसवाल, अशोक लोहिया सहित राजहरा व्यापारी संघ, अनाज-किराना व्यापारी संघ के पदाधिकारी, व्यापारी और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

खुरसुल में हरेली पर पारंपरिक खेल महोत्सव

बालोद। ग्राम खुरसुल के ग्रामीणो द्वारा छग के पारंपरिक पर्व हरेली के अवसर पर ग्राम में पारंपरिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान, कबड्डी, रस्साकशी, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ व गांव के किसानों द्वारा 25 ट्रैक्टर से रैली निकाला तथा युवा पीढ़ी को खेती के महत्ता के बारे में जागरूक किया। जिसमे नारियल फेक पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सत्यप्रकाश साहू ने कहा कि पारंपरिक खेलों के माध्यम से छगकी लोक संस्कृति और ग्रामीण खेल परंपराओं को जीवंत रखने के लिए महत्वपूर्ण है। ग्राम पटेल हेमंत साहू ने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और पारंपरिक खेलों से जोड़ने का बेहतर माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हरेली पर्व पर आयोजित इस खेल महोत्सव से गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। इस आयोजन में ग्राम विकास समिति के सदस्य नरेश साहू, मुरली साहू, ग्राम सरपंच उत्तम साहू, उप सरपंच दीपक सानसेन, शारदा बाई, ईश्वरी साहू, जामुन ठाकुर, जानकी बाई, नूमेश्वरी साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

निधन

भोला राम चन्द्राकर

अंडा। ग्राम विनायकपुर निवासी भोला राम चन्द्राकर 75 वर्ष का निधन 10 अगस्त को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम विनायकपुर में किया गया। वे अपने पिछे भरा पुरा परिवार को छोड कर चले गये, वे प्रहलाद चन्द्राकर, जितेंद्र चन्द्राकर के पिता

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पवन कुमार साहू आ. तीजूराम साहू निवासी वार्ड नंबर 03 अंडा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा ग्राम गुरेदा प.ह.नं. 16 तहसील गुण्डरदेही स्थित भूमि ख.नं. 741 रकबा 0.18 हे. एवं ख.नं. 739 रकबा 0.81 हैं. भूमि को भूमि स्वामी नरसिंग देवांगन पिता पतिराम से क्रय करने का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर दिया गया है मात्र पंजीयन होना शेष है। जिस किसी भी संस्था, फर्म, बैंक या किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि के संबंध में कोई दावा, आपत्ति को तो ईश्तहार प्रकाशन के 7 दिन के अंदर संपूर्ण कागजातो के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे। अन्यथा निर्धारित समय के पश्चात पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी। पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य मानी जाएगी।
सो सूचना जाने।
दिनांक:- 12/08/2026
श्री नारायण दुवानी अधिवक्ता
जनपद के बाजू मेन रोड़ गुरूर
तहसील गुरूर जिला बालोद (छ.ग)
मो.नं. 9424117001

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
बिना इंजेक्शन | तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
बिना टांके | प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना पट्टी | बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130